# आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 28.03.2025 समय : 07.10pm

## मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने किसानों को किफायती दरों पर फास्फेट और पोटाश उर्वरक उपलब्ध कराने को दी मंजूरी
- 5वीं और 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं के परिणाम घोषित, छात्राओं ने मारी बाजी
- अकीदत के साथ अदा की गई अलविदा जुमे की नमाज, त्योहारों के मद्देनजर बढ़ी सुरक्षा व्यवस्था ।
- खेलो इंडिया पैरा गेम्स में प्रदेश के पैरा खिलाड़ियों ने जीते 11 पदक जीते।

## अब समाचार विस्तार से:–

### केंद्र सरकार फैसले

सरकार ने आज इस वर्ष के खरीफ सीजन में किसानों को किफायती दरों पर फॉस्फेट और पोटाश उर्वरक उपलब्ध कराने की भी मंजूरी दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए डीएपी की अधिकतम खुदरा कीमत एक हजार 350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम बैग पर बनाए रखा है।

सरकार ने देश में इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के विनिर्माण को बढ़ावा देने और इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए **इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण विनिर्माण योजना** को मंजूरी दे दी। इससे 91 हजार से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार और कई अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सरकार ने केंद्रीय कर्मियों के लिए दो प्रतिशत महंगाई भत्ता और पेंशन भोगियों को महंगाई राहत को भी मंजूरी दी है।

### सर्वोच्च न्यायालय-यशवंत

सर्वोच्च न्यायालय ने आज दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ उनके सरकारी आवास पर अवैध नकदी मिलने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति वर्मा के घर से आग लगने की घटना के बाद नकदी की बोरियां बरामद की गई थीं। इस मामले में फिलहाल आंतरिक जांच चल रही है। पीठ ने कहा कि अगर आंतरिक जांच में यशवंत वर्मा को दोषी पाया जाता है तो मुख्य न्यायाधीश के पास प्राथमिकी दर्ज कराने या सरकार से उन्हें हटाने की सिफारिश करने का विकल्प होगा।

**संबल योजना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज संबल योजना के 23 हजार 162 श्रमिक परिवारों को 505 करोड़ रुपए की राशि जारी की । यह राशि सीधे हितग्राहियों के खातों में जमा हुई । इस अवसर पर डा यादव ने कहा कि हमारी सरकार श्रमिकों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है ।

**ओंकारेश्वर प्लास्टिक प्रतिबंध**

खंडवा जिले में कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने नगर परिषद ओंकारेश्वर एवं ग्राम पंचायत कोठी और थापना में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा दिया है. यह आदेश 1 अप्रैल से होगा लागू, आदेश का उल्लंघन करने पर दंडित किया जाएगा. सिंगल यूज प्लास्टिक में प्लास्टिक प्लेट, कप, गिलास,स्ट्रॉ,ईयरबड्स,प्लास्टिक स्टिक के साथ गुब्बारे, प्लास्टिक के झंडे,प्लास्टिक कैंडी और आइसक्रीम स्टिक और प्लास्टिक ट्रे सहित विभिन्न सामग्री शामिल हैं.

**परीक्षा परिणाम**

प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं के परिणाम आज जारी कर दिए गए। प्रदेश में इस वर्ष कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम 92 दशमलव 7-0 रहा जबकि कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम 90 दशमलव 0-2 रहा । राज्य शिक्षा केंद्र में संयुक्त निदेशक जयश्री पिल्लई शर्मा ने बताया कि पांचवी और आठवीं में लड़कों के मुकाबले लड़कियों ने बाजी मारी है।

**ईद सुरक्षा**

पवित्र रमजान माह के अलविदा जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज से पहले प्रमुख मस्जिदों में धर्म गुरुओं ने अपनी तकरीरों के माध्यम से लोगों को भलाई के रास्ते पर चलने की सीख दी। वहीं नमाज़ के बाद लाखों लोगों ने खुद की बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क में अमन चैन की दुआ की। वहीँ, प्रदेश में ईद उल फितर और नवरात्र पर्व को देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। भोपाल के पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र के निर्देश पर पुलिस संवेदनशील इलाकों में सतर्क हो गई है।

**शहडोल क्लबफुट मुक्त**

शहडोल जिला अब जन्मजात टखने से मुड़े पैर यानि क्लबफुट से मुक्त हो चुका है। जिले में 2 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक के 77 बच्चों में से 52 का ऑपरेशन कराकर क्लबफुट मुक्त जिला बना दिया गया है। शेष बच्चों का उपचार किया जा रहा है। सीएमएचओ राजेश मिश्रा ने बताया कि एक वर्ष में जन्मजात हृदय रोग पीड़ित 17 बच्चों का इलाज किया गया है। कटे—फटे होंठ एवं तालू के 33 बच्चे का उपचार कराया गया है।

**वेव्स पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता**

सरकार पहली बार विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन-वेव्स की मेज़बानी करने जा रही है। यह आयोजन 1 मई से 4 मई तक मुंबई में किया जाएगा। इसी सिलसिले में फिल्म पोस्टर मेकिंग चैलेंज का आयोजन किया गया है। यह प्रतियोगिता डिजिटल और हाथ से पेंट किए गए पोस्टर निर्माण में उत्कृष्ट कलात्मक प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें पुरस्कृत करने के लिए है। प्रतियोगिता में प्रतिभागी को 20 फिल्म शीर्षकों में से किसी एक फिल्म को चुन कर उस पर अपनी कलाकृति प्रस्तुत करनी होगी। प्रतियोगिता में पंजीयन 31 मार्च तक किया जा रहा है।

**विक्रमोत्सव कार्यक्रम**

चैत्र प्रतिपदा एवं गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर 30 मार्च उज्जैन में विक्रमोत्सव के अंतर्गत आयोजित विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है. केन्द्रीय कानून एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल इस कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य होंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उज्जैन में विक्रमोत्सव के अंतर्गत महाराजवाड़ा हेरिटेज होटल उज्जैन का उद्घाटन एवं श्रीमहाकाल महालोक में लाइट एंड साउंड शो का शुभारंभ कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

**खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025**

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में प्रदेश के पैरा खिलाड़ियों ने पिछले खेलों की तुलना में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 11 पदक जीते। 2023 के खेलो इंडिया पैरा गेम्स में मध्यप्रदेश की टीम ने 6 पदक जीते थे. खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खिलाड़ियों के साहस और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश के खेल क्षेत्र के विकास और खिलाड़ियों की मेहनत का प्रमाण है।

**आईपीएल क्रिकेट**

चेन्नई में आईपीएल क्रिकेट में आज रॉयल चैलेंजर्स बैंगलूरू का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से हो रहा है । पिछले मैच में चेन्नई ने मुंबई इंडियंस को और बैंगलूरू ने वर्तमान चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स को हराया था।

**समाचार संक्षेप में...**

- केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कल अशोकनगर जिले में तीन दिवसीय भ्रमण पर आ रहे है। इस दौरान वे विधि महाविद्यालय में कॉल सेंटर का शुभारंभ करेगें।
- शिवपुरी जिले के सरकारी स्कूलों में शनिवार को कक्षा-1 व कक्षा-2 में अध्ययनरत बच्चों की बौद्धिक क्षमता परखने के लिए एफएलएन मेले का आयोजन किया जा रहा है।
- संभाग आयुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने छतरपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर पी गुप्ता को आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में भंडार क्रय नियमों का उल्लंघन करने पर निलंबित कर दिया है ।
- भोपाल में कल अटल पथ पर कर्मश्री संस्था द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव दीप प्रज्वलन कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे।
- **सीहोर जिले में इस वर्ष शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्यपुस्तकों की वितरण किया जाएगा ।**
- नीमच में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत ग्रीनको म.प्र.प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगभग 26 लाख 40 हजार कीमत की तीन ट्रू-नाट मशीन जिला चिकित्सालय को प्रदान की गई है।

---------------------